### टैगोर नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन संभव समूह ने किया कहानी का मंचन

# 'सतह पर तैरती उदासी' बदलते जीवन की कहानी

**नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः** टैगोर नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन रवीन्द्र भवन में कथाकार संतोष चौबे की चर्चित कहानी 'सतह पर तैरती उदासी' का प्रभावशाली नाट्य मंचन किया गया। प्रख्यात रंग निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में हुई इस प्रस्तुति को दिल्ली के 'संभव' समूह ने मंच पर साकार किया। कहानी रिश्तों की उस विडंबना को सामने लाती है, जहां कुछ संबंधों की नियति ही शायद कहीं न पहुंच पाना होती है। नाटक के केंद्र में पति-पत्नी और पत्नी की एक मित्र—तीन प्रमुख पात्र हैं। पति-पत्नी के बीच एक सहज और अच्छा संबंध होने के बावजूद पति का अपनी पत्नी की मित्र के प्रति आकर्षित होना कहानी को एक जटिल भावनात्मक मोड़ देता है। मित्र के मन में प्रेम है, लेकिन इस प्रेम के पूरा होने की कोई संभावना नहीं। यही अधूरापन उसके जीवन में गहरी उदासी का कारण बनता है। नाटक की पृष्ठभूमि झारखंड के राजनगर शहर पर आधारित है। कहानी में निजी रिश्तों के साथ उस सामाजिक और औद्योगिक परिवेश को भी उभारा गया है, जिसमें एक कारखाने का बंद होना वहां के लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। इस युवती का एक प्रेमी था, जो कारखाने में काम करता था। एक संघर्ष के दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। घटना के बाद मामला चलता रहता है और कारखाना भी बंद हो जाता है।

इस तरह नाटक में एक ओर बंद होते कारखाने और दूसरी ओर निरंतर चलते जीवन का विरोधाभास दिखाई देता है। व्यक्तिगत रिश्तों की टूटन, अधूरे प्रेम और औद्योगिक पतन को एक साथ पिरोती यह कहानी दर्शकों को मानवीय संबंधों और बदलते सामाजिक परिवेश पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है।



कवि, कथाकार और उपन्यासकार संतोष चौबे हिंदी के उन साहित्यकारों में हैं, जो साहित्य और विज्ञान दोनों क्षेत्रों में समान रूप से सक्रिय रहे हैं। उनके छह कथा-संग्रह—'हल्के रंग की कमीज', 'रेस्त्रां में दोपहर', 'नौ बिंदुओं का खेल', 'बीच प्रेम में गांधी', 'प्रतिनिधि कहानियां' तथा 'मगर शेक्सपियर को याद रखना'—और चार उपन्यास—'राग केदार', 'क्या पता कामरेड मोहन', 'जल तरंग' तथा 'सपनों की दुनिया में ब्लेकहोल'—प्रकाशित एवं चर्चित हैं। उनके कविता-संग्रहों में 'कहीं और सच होंगे सपने', 'कोना धरती का', 'इस अ-कवि समय में' और 'घर बाहर' शामिल हैं। उनकी कहानियों का मंचन भारत भवन और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली सहित विभिन्न मंचों पर हो चुका है तथा उनकी रचनाएं देश की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर देवेन्द्र राज अंकुर देशभर की अनेक व्यावसायिक एवं शौकिया नाट्य मंडलियों के साथ निर्देशन कर चुके हैं। 'संभव' समूह के संस्थापक सदस्य और 'कहानी का रंगमंच' के प्रणेता अंकुर अध्यापक, कैंप निर्देशक और नाट्य निर्देशक के रूप में देशभर की कार्यशालाओं से जुड़े रहे हैं। उन्होंने विभिन्न भाषाओं के नाटकों का हिंदी में अनुवाद किया है और रंगमंच विषयक लेखन भी किया है। रंग आलोचना पर उनकी सात से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। टैगोर फेलोशिप प्राप्त प्रो. अंकुर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक रह चुके हैं।

रंगमंच के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए उन्हें संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## 'मां' से 'नमस्कार' तक, ऑटिज्म प्रभावित बच्चे में आया उल्लेखनीय बदलाव

**नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः** इंदौर के सात वर्षीय ऑटिज्म प्रभावित बच्चे में करीब एक वर्ष के होम्योपैथिक उपचार और नियमित फॉलो-अप के दौरान संवाद, आई-कॉन्टैक्ट, सामाजिक व्यवहार और भावनात्मक जुड़ाव में क्रमिक सुधार दर्ज किया गया। अगस्त 2025 में उपचार शुरू होने के करीब चार-पांच माह बाद आई-कॉन्टैक्ट में सुधार दिखाई दिया। सात-आठ माह बाद बच्चे ने पहली बार अपनी मां को 'मां' कहकर संबोधित किया। सितंबर 2026 के फॉलो-अप में परिवार के अनुसार बच्चा अब पूरे वाक्य बोलने लगा है और उसकी अत्यधिक सक्रियता व व्यवहार संबंधी परेशानियों में भी कमी आई है। फॉलो-अप के दौरान बच्चे ने चिकित्सक को 'नमस्कार' किया और कुर्सी पर जाकर बैठ गया। उपचार कर रहे डॉ. ए.के. द्विवेदी ने इसे व्यक्तिगत क्लिनिकल केस बताते हुए कहा कि एक मामले के आधार पर किसी उपचार की प्रभावशीलता का अंतिम वैज्ञानिक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। बच्चे की प्रगति का नियमित मूल्यांकन जारी है।

## दो रेलकर्मियों को उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार

**नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः** रेल परिचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले रेलकर्मियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में अगस्त 2026 माह के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भोपाल मंडल के दो सजग रेलकर्मियों को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह द्वारा 'उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

अगस्त माह के लिए भोपाल मंडल से सम्मानित रेलकर्मियों में दुर्गा प्रसाद टेक्नीशियन, सी एंड डब्ल्यू/इटारसी और सुनिक कुमार पॉइंट्समैन, ओबेदुल्लागंज शामिल हैं। इन रेलकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के दौरान हॉट एक्सल, वैगन में टूटे फ्लोर पेंच एवं चिंगारी, ब्रेक वेन के टूटे सेंटर पिवेट गाइड तथा रेल वेल्ड फेलियर जैसी गंभीर तकनीकी खामियों को समय रहते पहचानकर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की। उनकी सजगता और त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटना को टालने तथा रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। भोपाल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले रेलकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि संरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि ड्यूटी के दौरान छोटी से छोटी असामान्यता को पहचानकर समय पर कार्रवाई करना भी संरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।


### परिशिष्ट B-संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल छाबिस्वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएससी/3362/2025
श्रीमती द्रोपती बाई बनाम प्रवीन एक्का
NEXT DATE :22-10-2026

**प्रेषिती,** (1) प्रवीन एक्का इग्रीसियस एक्का पता- सी-07 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल जिला भोपाल (2) ज्योति एक्का W/O प्रवीन इक्का निवासी 6-7 हाउसिंग बोड कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल यह कि प्रार्थी श्रीमती द्रोपती बाई ने आपके विरुद्ध एमएससी/3362/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**पवन कुमार शंखवार, न्यायाधीश**
**छाबिस्वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल**

1546

### परिशिष्ट B-संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल बारहवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल**
**नोटिस प्रकाशन हेतु**
**उत्तराधिकार**
एमजेसी एसयूसी/151/2026
वरूण कुमार मिश्रा बनाम शिवानी मिश्रा
NEXT DATE :30-09-2026

**प्रेषिती,** सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वरूण कुमार मिश्रा पता-एमआईजी 66, सी-सेक्टर, महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के पास अयोध्या नगर, भोपाल ने मृतकगण (1) किरण मिश्रा W/O अरूण कुमार मिश्रा S/O भैंरो प्रसाद मिश्रा, पता-MIG-66 सी सेक्टर,टी.टी. नगर भोपाल की स्थित जौकर क्र. F 939 जेजर नं. 02/04 राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 30-09-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 30-09-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 19-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**जयंत शर्मा, न्यायाधीश**
**बारहवें जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश जिला भोपाल**

1547

### परिशिष्ट B-संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल ,एसीजेएम एवं पीओ एमपीएआईडीसी,भोपाल**
**नोटिस प्रकाशन हेतु**
**उत्तराधिकार**
एमजेसी एसयूसी/104/2026
प्रमोद पाल बनाम अंजनी पाल
NEXT DATE :14-10-2026

**प्रेषिती,** सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद पाल पता-एस-822, नेहरू नगर,टी.टी. नगर भोपाल मध्य प्रदेश ने मृतक स्व. श्री बालादीन पाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14-10-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14-10-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 21-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिय`गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश**
**एसीजेएम एवं पीओ एमपीएआईडीसी भोपाल (म.प्र.)**

1548

### परिशिष्ट B-संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल सातवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड,भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/1397/2025
पेरिस गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल बनाम विजेन्द्र कुमार शर्मा
NEXT DATE :09-10-2026

**प्रेषिती,** विजेन्द्र कुमार शर्मा श्री एस.बी. शर्मा पता-मकान नंबर-एस, 98, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, म.प्र. यह कि प्रार्थी पेरिस गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल ने आपके विरुद्ध आरसीएस ए/1397/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 07-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती शालू सिरोही चौकसे, न्यायाधीश**
**सातवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)**

1549

### न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सड़क तहसील-कोलार जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 439/अ-12/25-26
**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सृष्टि साहू पुत्री श्री सत्येन्द्र साहू निवासी भोपाल द्वारा म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीमांकन दिनांक 03/10/25 ग्राम थूआखेड़ा प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नंबर 227/1/1, 227/1/2, 228/2 रकबा 0.4045 हे. रकवा 0.1890 हे. 0.2155 हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त आवेदन के संदर्भ में दिनांक 3/11/25 को रा.कि.नाम श्री सुरेश साहू द्वारा सीमांकन किया जाकर सीमांकन रिपोर्ट नये फील्ड बुक, प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 18/9/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 8/09/2026 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार,**
**तहसील-कोलार जिला भोपाल**

1550

### न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सड़क तहसील-कोलार, जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक-441/अ-12-2025-26
**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओवर सीज इमेजिग बेचर्स प्रा.लि. द्वारा अरूणा साहू पत्नि एस.बी.साहू नि. भोपाल द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीमांकन दिनांक 3/10/25 ग्राम थूआखेड़ा प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नंबर 228/2, 227/1/2 रकवा 0.1890 हे. रकबा 0.2155 हें. भूमि का सीमांकन किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त आवेदन के संदर्भ में दिनांक 3/11/25 को रा.कि. नाम. श्री सुरेश साहू द्वारा सीमांकन किया जाकर सीमांकन रिपोर्ट नय फील्ड बुक, प्रस्तुत कि गई है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 18/9/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/09/2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार, भोपाल**

1551

### भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 की धारा 63 (1) के अधीन सूचना पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/S ADITI SALES 38, Govind Garden, Raisen Road, Govindpura, भोपाल जिसका पंजीयन क्रं. 01/01/01/00544/11 सन 2010-2011 दिनांक 15.03.2011 को किया गया था। भागीदारी फर्म M/S ADITI SALES में पहले से 6 भागीदार हैं, सभी भागीदारों के नाम इस प्रकार हैं, अजय खंडेलवाल, अमर खंडेलवाल, निशा खंडेलवाल, रश्मी खंडेलवाल, हरी प्रताप खंडेलवाल और विमला देवी खंडेलवाल। अब फर्म में दिनांक 01.04.2026 से भागीदार हरी प्रताप खंडेलवाल और विमला देवी खंडेलवाल रिटायर हो रहे हैं, अब फर्म में चार भागीदार अजय खंडेलवाल, अमर खंडेलवाल, निशा खंडेलवाल, रश्मी खंडेलवाल भागीदारी फर्म फर्म M/S ADITI SALES में बने रहेगें, चालू रहेगें।

**M/S ADITI SALES**
**अमर खंडेलवाल (पार्टनर)**

**Deepak Nayak, Advocate**
**Lawyer's Chamber No.316**
**Third Floor, Uttam Chand Israni (B.D.A. Bhawan) Behind Distt. Court, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)**
**Mob.9826715393, 7000723729**

1552

### न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त बायां, तहसील रेहटी जिला सीहोर (म.प्र.)
क्र.../ रीडर/2026 रेहटी दि... /...../2026
RCMS/0002/A-20(3)/2026-27
(प्रारूप 8) **उद्घोषणा**

एतद् द्वारा समस्त कृषकगण एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहकारिता विभाग सीहोर नगर सीहोर के द्वारा ग्राम मोगरा तहसील रेहटी जिला सीहोर स्थित भूमि ख.नं. 122/2 रकबा 2.157 हे. भूमि आवंटन की मांग किये जाने हेतु आवेदनपत्र प्रस्तुत किया है। निम्नलिखित वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह इश्तेहार निर्वाह दिनांक-22/09/2026 को प्रातः 11.00 बजे मेरे इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर या अपने किसी अधिवक्ता के द्वारा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावे। आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त बायां, तहसील रेहटी जिला सीहोर (म.प्र.)**

AG


## सूडोकु नवताल- 7896

★✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7895 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |


## काकुरो पहेली - 7569



Jagrutidaur.com, Bangalore


खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 7568 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8977




**बाएँ से दाएँ**

1. अचंभा,आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि,कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई,काका-2
7. माह,मास-3
9. धावक(अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन,उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी,धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर,पाँव-2
18. देवमुनि,देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार,आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय,कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**

1. सहसा,अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना,बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ,रास्ता,मार्ग-2

**शब्द पहेली -8976 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7408




**ऊपर से नीचेः-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चॉद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायेंः-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**फिल्म वर्ग पहेली- 7407**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7502

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | 2 |
| 6 | 38 | | 32 | 1 | 30 | 7 |
| | 4 | | 5 | | 6 | |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| | | | 6 | | | 3 |
| | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | |
| 5 | 1 | | | 7 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 7501 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 42 | 6 | 39 | 4 | 23 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8522

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | दु | च | मे | ली | च | ट | र्जी |
| मो | खु | क | च | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| ग | पी | जा | म्पा | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| रा | ग | ए | रा | ह | जा | रा | ल | ह | गु | प्रे |
| गु | ल | मो | ह | र | ह | ला | कि | यो | ला | प |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | ब | न |
| न | र | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ज | र | य | र | क | म | ल | वि | रे |
| र | या | बा | नी | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | गं | व | शि | के | त | की | ल |
| बां | स | प | ज | न | धा | घ | गु | ड़ | ह | ल |

शब्दजाल में दस फूलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कमल,गुलाब,मोगरा,चमेली,चम्पा,हजारा, रजनीगंधा,केतकी,गुड़हल,गुलमोहर

**शब्दजाल - 8521 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore